**10/08**/2025

आकाशवाणी ईटानगर

सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने कहा है कि न्यायपालिका, कार्यपालिका और विधायिका देश के अंतिम नागरिक को न्याय देने के लिए अस्तित्व में हैं। उन्होंने इन स्तम्भों के बीच तालमेल और जुड़ाव पर जोर देते हुए कहा कि प्रत्येक कदम से यह सुनिश्चित होना चाहिए कि न्याय जल्दी और कम-से-कम कीमत पर उपलब्ध हो। न्यायमूर्ति गवई गौहाटी उच्च न्यायालय की नाहारलागुन में स्थायी पीठ के नव निर्मित न्यायालय भवन का उद्घाटन करने के बाद एक सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद पिछले 10 वर्षों में अनेक संकटों का सामना किया गया लेकिन राष्ट्र मजबूत और एकजुट रहा तथा विकसित राष्ट्र बनने के लिए आगे बढ़ता रहा। यह भारतीय संविधान की ताकत से संभव हुआ।

इस अवसर पर, केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू और अर्जुन मेघवाल, मुख्यमंत्री प्रेमा खांडू, उप-मुख्यमंत्री चाउना मेन तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

**Byte::** CJI

0000000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने गुवाहाटी उच्च न्यायालय की ईटानगर स्थायी पीठ के नए भवन को अरुणाचल प्रदेश और भारत के न्यायिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण दिन करार दिया है। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि यह अत्याधुनिक सुविधा न केवल न्यायपालिका के लिए एक बढ़ावा है, बल्कि आशा, सुलभता और न्याय की अटूट खोज का भी प्रतीक है।

मुख्यमंत्री ने इस उपलब्धि का श्रेय गुवाहाटी उच्च न्यायालय, बार के सदस्यों, राज्य सरकार के अधिकारियों और राज्य पीडब्ल्यूडी और ठेकेदार सहित सभी हितधारकों के संयुक्त प्रयासों को दिया। न्यायिक बुनियादी ढांचे में राज्य की प्रगति पर प्रकाश डालते हुए, श्री खांडू ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश में 2016 में केवल दो अदालतें थीं, जो आज बढ़कर तैंतीस कार्यात्मक अदालतें हो गई हैं, हाल ही में 8 नई अदालतें जोड़ी गई हैं और जिला न्यायपालिका में चार सौ तिरसठ नए पद सृजित किए गए हैं।

0000000000000000000000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज बेंगलुरु में यातायात को बेहतर बनाने वाली परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। आज बेंगलुरु पहुँचने पर, उन्होंने बेंगलुरु और बेलगावी के बीच वंदे भारत ट्रेन सेवा को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने अमृतसर और कटरा के बीच और नागपुर से पुणे के बीच वंदे भारत ट्रेन सेवा को भी वर्चुअल माध्यम से हरी झंडी दिखाई। वंदे भारत ट्रेनें बेहतर यात्रा अनुभव के लिए विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस हैं। आकाशवाणी संवाददाता की रिपोर्ट के अनुसार, उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने अमृतसर से श्री माता वैष्णो देवी कटरा स्टेशन के बीच वंदे भारत ट्रेन को समर्पित करने के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया।

00000000000000000000

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने आज कहा कि ऑपरेशन सिंदूर तीनों सेनाओं के बीच तालमेल और संचालनात्मक सामंजस्य का प्रमाण है।

सिकंदराबाद स्थित कॉलेज ऑफ डिफेंस मैनेजमेंट में 21वें उच्च रक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम के प्रतिभागियों और वरिष्ठ अधिकारियों को संबोधित करते हुए, जनरल चौहान ने सशस्त्र बलों में एकीकरण पर रणनीतिक दृष्टिकोण साझा किए और संयुक्त अभियानों के भविष्य के रोडमैप को आकार देने के लिए महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला। सीडीएस ने व्यापक क्षमता विकास, आत्मनिर्भरता और तकनीक-संचालित आधुनिक युद्ध में विघटनकारी परिवर्तनों से निपटने के लिए सेना में किए जा रहे परिवर्तनकारी बदलावों की गहन समझ के महत्व पर भी ज़ोर दिया।

0000000000000000000

तोमो रीबा इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ एंड मेडिकल साइंसेज ने कल नए शैक्षणिक भवन में APLA@50 आउटरीच कनेक्ट की दूसरी व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन किया। यह सत्र राजीव गांधी विश्वविद्यालय में आयोजित APLA@50 आउटरीच कनेक्ट का एक विस्तार था। इस कार्यक्रम में अरुणाचल प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष तेसाम पोंगते, उपाध्यक्ष कारदो निग्योर, विधायक तेची कासो और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। आउटरीच कनेक्ट पहल का उद्देश्य अरुणाचल प्रदेश विधानसभा की स्वर्ण जयंती मनाते हुए राज्य भर में नागरिक जागरूकता और सक्रिय नागरिकता को बढ़ावा देना है। इस कार्यक्रम में भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों और संवैधानिक मूल्यों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए गणमान्य व्यक्ति, संकाय सदस्य, छात्र और अधिकारी एक साथ आए।

0000000000000000000

12वीं दोरजी खांडू मेमोरियल राज्य बैडमिंटन चैंपियनशिप 2025 का कल खेलो इंडिया इंडोर स्टेडियम, ईटानगर में आधिकारिक रूप से शुभारंभ हुआ, जो खेल उत्कृष्टता के एक सप्ताह तक चलने वाले उत्सव की शुरुआत है। यह चैंपियनशिप 9 से 13 अगस्त तक आयोजित की जा रही है, जिसमें अरुणाचल प्रदेश के सभी 28 जिलों के 500 से अधिक प्रतिभागियों के साथ-साथ सांगे ल्हादेन स्पोर्ट्स अकादमी और राजीव गांधी विश्वविद्यालय खेल नियंत्रण बोर्ड के खिलाड़ी भी भाग ले रहे हैं। अरुणाचल राज्य बैडमिंटन संघ, भारतीय बैडमिंटन संघ के तत्वावधान में और खेल विभाग के सहयोग से इस चैंपियनशिप की मेजबानी कर रहा है।

00000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज अरुणाचल प्रदेश के सत्रह जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। एमसीआई ने कुछ स्थानों पर गरज के साथ छींटे पड़ने और भारी बारिश की संभावना जताई है।

0000000000000000000